रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1466] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 25, 2019/वैशाख 5, 1941
No. 1466] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 25, 2019/VAISAKHA 5, 1941

## सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 2019

**का.आ. 1650(अ).**—यतः केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) की धारा 5 के अधीन भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. का.आ. 2004 (अ), तारीख 30 अगस्त 2012 के द्वारा उत्तर प्रदेश में राजमार्ग संख्या–30 पर मैंगलगंज से प्रारम्भ होने वाला पुवायाँ को जोडते हुए रा.रा.–730 पर पूरनपुर में समाप्त होने वाले मार्ग को नया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730ए घोषित करते हुए उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (जिसे इसके पश्चात् प्राधिकरण कहा गया है) को सौंपा है।

अतः अब, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण एवं संग्रहण) नियम, 2008 (जिसे इसमें इसके पश्चात "नियम" कहा गया है) के नियम 3 के साथ पठित राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए , केन्द्रीय सरकार, पेव्ड शोल्डर युक्त दो लेन के 54.430 कि.मी. की निवल लम्बाई वाले सड़क खंड के उपयोग करने के लिए तालिका–1 के कॉलम 2 में विनिर्दिष्ट आधार दर का 60 प्रतिशत की दर पर उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग 730ए के पुवायाँ–पूरनपुर सेक्शन के डिजाइन चैनेज कि.मी. 51.00 से 105.500 (मौजूदा चैनेज कि.मी. 50.675 से 105.500) तक के खण्ड का उपयोग करने के लिए नीचे तालिका–1 के कॉलम–1 में विनिर्दिष्ट वाहनों के प्रकार पर प्राधिकरण को अपने अधिकारियों के माध्यम से अथवा संविदाकार के माध्यम से उक्त शुल्क को संग्रहीत करने के लिए प्राधिकृत करती है, अर्थातः–

सारणी–1

| वाहन का प्रकार | आधार वर्ष 2007–08 के लिए प्रति कि.मी. शुल्क की आधार दर (रू. में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 0.65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल, वाहन या मिनी बस | 1.05 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 2.20 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 2.40 |

